दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 75 | जयपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

भजन लाल शर्मा ने जैसलमेर बस दुर्घाटिका पर जताया गहरा शोक, सूचना मिलते ही घटनास्थल थईयात पहुंचे

## हादसा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, दुःख की इस घड़ी में सरकार, शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी : मुख्यमंत्री शर्मा





- जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती घायलों की पूछी कुशलक्षेम
- मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को हर संभव राहत देने के दिए निर्देश

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जैसलमेर में बस में आग लगने से हुई दुर्घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। हृदयविदारक घटना की सूचना प्राप्त होते ही मुख्यमंत्री विशेष विमान से जयपुर से जैसलमेर पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने थईयात आर्मी एरिया में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त बस का निरीक्षण भी किया। इस दौरान शर्मा ने आर्मी के अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय नागरिकों को बचाव एवं राहत कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। शर्मा ने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार परिजनों के साथ खड़ी हैं।

**'घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराएं'** शर्मा जोधपुर पहुंचे, जहां उन्होंने महात्मा गांधी अस्पताल में बर्न यूनिट में भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से प्रत्येक मरीज की चिकित्सकीय रिपोर्ट, जलन का प्रतिशत, उपचार पद्धति और आवश्यक संसाधनों की जानकारी विस्तार से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर बर्न स्पेशलिस्ट टीमों को तत्काल बुलाया जाए। साथ ही, शर्मा ने बर्न यूनिट में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, इंटेंसिव केयर बेड्स और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को निर्देश दिया कि हर मरीज के लिए विशेष चिकित्सकीय निगरानी दल (डेडिकेटेड डॉक्टर और नर्स) तैनात किया जाए ताकि 24 घंटे मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घायल के परिजन को अस्पताल में ठहरने, भोजन व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, विधायक महंत प्रतापपुरी, रविन्द्र सिंह भाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के निधन पर शोक व्यक्त किया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मोदी ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है मेरे प्रिय मित्र और केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वह एक प्रखर राजनेता और भारत के प्रिय मित्र थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे उन्हें करीब से जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमारा सहयोग वर्षों तक कायम रहा।

मोदी ने यह भी कहा कि रैला ओडिंगा का भारत की संस्कृति, मूल्यों और हमारे प्राचीन ज्ञान के प्रति विशेष लगाव था और यह भारत-केन्या सम्बंधों को मज़बूत करने के उनके प्रयासों में परिलक्षित होता था।

**'प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया'**मेरे प्रिय मित्र और केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री, रैला ओडिंगा के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक प्रखर राजनेता और भारत के प्रिय मित्र थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे उन्हें करीब से जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमारा सहयोग वर्षों तक कायम रहा। भारत की संस्कृति, मूल्यों और प्राचीन ज्ञान के प्रति उनका विशेष लगाव था। यह भारत-केन्या सम्बंधों को मज़बूत करने के उनके प्रयासों में परिलक्षित होता था। वे विशेष रूप से भारत की आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रशंसक थे, उन्होंने अपनी बेटी के स्वास्थ्य लाभ में इनके सकारात्मक प्रभाव को देखा था। इस दुःख की घड़ी में मैं उनके परिवार, मित्रों और केन्या के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

## बिहार चुनाव : डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने लखीसराय से तो तेजस्वी यादव ने राघोपुर से भरा नामांकन



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अब नामांकन भरने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस बीच जहां बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से नामांकन भरा तो वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राघोपुर से नामांकन पर्चा दाखिल किया। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा द्वारा नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। नामांकन भरने से पहले विजय सिन्हा जगत माता मां बाला त्रिपुरसुंदरी एवं जगत पिता बाबा इंद्रदमनेश्वर महादेव के मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए। उधर, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी राघोपुर से नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उनके साथ राजद के अध्यक्ष लालू यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उपस्थित रहीं।

रेल मंत्री ने भारत मंडपम में एशिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रदर्शनी 'आईआरईई 2025' का किया उद्घाटन

## कम गुणवत्ता वाले उपकरणों और पुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के साथ कोई नरमी नहीं : वैष्णव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को राजधानी के भारत मंडपम में एशिया की सबसे बड़ी रेलवे और परिवहन प्रदर्शनी- 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 17 अक्टूबर तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेलवे क्षेत्र में नवाचार, आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) और गति शक्ति विश्वविद्यालय के बीच कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा सीआईआई और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने संयुक्त रूप से ऑन द राइट ट्रैक शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारतीय रेलवे में हो रहे परिवर्तन और विकास की दिशा पर प्रकाश डाला गया है।

रेल मंत्री वैष्णव ने प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में कहा कि आईआरईई, भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जिसमें करीब 15 देशों के उपकरण निर्माता और बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां भाग ले रही हैं।

यह समय है जब हमें अपने उपकरणों की गुणवत्ता, रेलवे के आधुनिकीकरण और नई तकनीकों के प्रयोग पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा।

## वित्त मंत्री ने कर्नाटक के कोप्पल में किसान प्रशिक्षण एवं कृषि प्रसंस्करण केंद्र का उद्घाटन किया

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



कर्नाटक के चार दिवसीय दौरे पर गई केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कोप्पल जिले के मेथागल गांव में कृषि प्रसंस्करण के लिए किसान प्रशिक्षण सह सामान्य सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र स्थानीय किसानों को उनकी उपज का मूल्य बढ़ाने में मदद करने में अहम भूमिका निभाएगा। किसान प्रशिक्षण और सामान्य सुविधा केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर सीतारमण ने कहा कि यह पहल फल-आधारित उद्यमों के लिए एक स्थायी, बाजार-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य फल-आधारित उद्यमों के लिए एक स्थायी, बाज़ार-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, किसानों को सशक्त बनाना और ग्रामीण आजीविका को मज़बूत करना है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपीएलएडी) योजना के तहत वित्त पोषित, किसान प्रशिक्षण और सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) की शुरुआत की गई है। यह आधुनिक फल प्रसंस्करण और विपणन के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। कर्नाटक का कोप्पल जिला आम, अमरूद और पपीते की खेती के लिए जाना जाता है।

## इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित 16वीं डब्ल्यू एच ओ-आई आर सी एच वार्षिक बैठक में भारत ने हर्बल औषधि विनियमन में अपनी अग्रणी भूमिका प्रदर्शित की

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



विश्व स्वास्थ्य संगठन - अंतर्राष्ट्रीय हर्बल औषधि नियामक सहयोग (डब्ल्यू एच ओ-आई आर सी एच) की 16वीं वार्षिक बैठक 14 से 16 अक्टूबर 2025 तक इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित की जा रही है।

इस आयोजन में हर्बल औषधियों के विनियमन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सामंजस्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्वभर के विनियामक प्राधिकरणों और विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया है। भारत ने इस बैठक में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसमें डॉ. रघु अरक्कल, सलाहकार (आयुर्वेद) और उप महानिदेशक (प्रभारी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिया भागीदारी की। इस प्रतिनिधिमंडल ने कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित तकनीकी सत्रों में प्रमुख भूमिका निभाई। डॉ. रघु अरकल ने हर्बल औषधियों की प्रभावकारिता और इच्छित उपयोग (कार्य समूह-3) पर कार्यशाला रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें पारंपरिक चिकित्सा में भारत के विकसित होते विनियामक ढाँचे और साक्ष्य-आधारित नीतिगत पहलों पर प्रकाश डाला गया। भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी फार्माकोपिया आयोग (पीसीआईएमएंडएच) के निदेशक डॉ. रमन मोहन सिंह ने हर्बल औषधियों की सुरक्षा और विनियमन (कार्य समूह-1) पर कार्यशाला रिपोर्ट प्रस्तुत की और हर्बल औषधियों की सुरक्षा और विनियमन - भारतीय परिप्रेक्ष्य पर एक अलग प्रस्तुति भी दी। दोनों कार्यशालाएँ विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई







CMYK

## संपादक की कलम से....

# दीपों की रौशनी, मिठाइयों की मिठास - यही है दीवाली का असली अहसास



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

दीवाली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा का उत्सव है। यह वह समय है जब घर-आंगन दीपों से रोशन होते हैं, दिलों में उम्मीद की लौ जलती है और रिश्तों की मिठास फिर से ताज़ा हो जाती है। इस पर्व की सबसे सुगंधित और स्वादिष्ट अभिव्यक्ति है - मिठाइयाँ। मिठाइयाँ दीवाली की आत्मा हैं। यह परंपरा केवल पेट भरने के लिए नहीं, बल्कि भावनाओं को व्यक्त करने के लिए होती है। घर की रसोई में जब गुड़ और घी की खुशबू उठती है, बेसन भूनने की आवाज़ आती है और नारियल की बर्फी जमती है, तो समझिए दीवाली सच में आ गई है। इन पारंपरिक मिठाइयों में सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि वर्षों की विरासत, अपनों की यादें और संस्कृति की मिठास भी घुली होती है। जैसे ही दीवाली नज़दीक आती है, बाजार रंग-बिरंगे दीयों, उपहारों और मिठाइयों से सज जाते हैं। पर असली मिठास तो घर के अंदर होती है—माँ के हाथों से बनी गुजिया, बेसन के लड्डू, नारियल की बर्फी, और खजूर के रोल्स। इन पारंपरिक मिठाइयों की बात ही कुछ और होती है। इन मिठाइयों में सिर्फ स्वाद नहीं होता, उसमें बचपन की यादें, मिलकर बिताए पल, और एक अनकही आत्मीयता होती है। जब दादी अपने पोते-पोतियों के लिए घी से भरी मिठाइयाँ बनाती हैं, तो वह सिर्फ खाना नहीं होता, वह प्रेम की अभिव्यक्ति होती है। आजकल भले ही बाज़ार में हज़ारों तरह की चॉकलेट्स, केक और फ्यूज़न डेज़र्ट मिलते हों, लेकिन दीवाली पर घर की बनी मिठाइयों का स्थान कोई नहीं ले सकता। वो बर्फी, जो माँ ने बड़े मन से बनाई है, उसमें मिठास से ज्यादा अपनापन होता है।

आज के तेज़ और आधुनिक युग में, जब मिठाइयों की जगह कभी-कभी डिब्बाबंद चॉकलेट्स और विदेशी डेज़र्ट्स ने ले ली है, तब भी एक बात नहीं बदली—दीवाली पर मिठास बाँटने की भावना। चाहे रूप बदले हों, पर भाव वही है। मिठाई देना केवल शारीरिक भूख मिटाने का साधन नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि हम एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी हैं। दीवाली पर मिठाइयाँ बाँटने की परंपरा केवल एक रस्म नहीं है, बल्कि यह उस भावना का प्रतीक है कि हम अपने प्रियजनों की खुशियों में शामिल हैं। एक डब्बा बर्फी या कुछ काजू कतली सिर्फ स्वाद नहीं बढ़ाती, वो यह भी बताती हैं कि आप हमारे लिए खास हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि ज़िंदगी में मिठास जरूरी है—बातों में, व्यवहार में, रिश्तों में और जुबान पर भी। दीवाली पर दीए जितनी रौशनी फैलाते हैं, उतनी ही मिठाइयाँ दिलों में अपनापन भरती हैं। आज जब समाज तेजी से बदल रहा है, परिवार छोटे हो रहे हैं और भागदौड़ भरी ज़िंदगी में त्यौहार बस छुट्टी बनकर रह गए हैं, ऐसे समय में दीवाली और उससे जुड़ी मिठाइयों की परंपरा हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है। यह हमें याद दिलाती है कि मिठास बाँटने से ही जीवन सुगंधित होता है। मिठाइयाँ रंगों की तरह होती हैं—हर स्वाद एक नई अनुभूति देता है। गुलाब जामुन की नरमाहट, रसगुल्ले की रस भरी मिठास, सोनपापड़ी का हल्का-सा घुल जानाः ये सब मिलकर दीवाली के रंग को और भी गहरा बना देते हैं।

दीवाली की मिठाइयाँ हमें एक बात याद दिलाती हैं—कि ज़िंदगी में मिठास बाँटने से बढ़ती है और यही है इस पर्व का असली सार। दीवाली और मिठाइयाँ साथ मिलकर एक ऐसा अनुभव बनाते हैं जो रोशनी, स्वाद और आत्मीयता से भरपूर होता है। जब दीयों की लौ टिमटिमाती है और मिठाइयों की खुशबू से घर महकता है, तब समझ आता है कि असली दीवाली सिर्फ बाहर की रौशनी नहीं, दिल की मिठास से होती है।

# लोकरंग महोत्सवः फूलों की होली से महका लोकरंग भपंग वादन से बनाई शाम यादगार

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

लोक संस्कृति की मनोरम छटा बिखेर रहा 28वां लोकरंग महोत्सव अब अपने पूरे उल्लास पर है। जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित इस महोत्सव का बुधवार को नवां दिन रहा जहां देशभर से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को लोक परंपराओं की विविधता और भावनात्मक जुड़ाव का एहसास कराया। 28वां लोकरंग महोत्सव 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा, जिसमें देशभर से आए कलाकार अपनी लोक परंपराओं की सजीव छवियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते रहेंगे। मध्यवर्ती के मंच पर शाम की शुरुआत राजस्थान के महेशा राम एवं समूह ने 'मधुर सुर बोल कागा, बाईसा रा मन श्यास से लागा' भजन के साथ की जिसके बाद गफूर खान एवं समूह ने पारंपरिक मांगणियार गायन की सुरमई प्रस्तुति दी। लोक सिंधी गीत, खड़ताल, ढोलक और मोरचंग के साथ संगत की गई। लक्षद्वीप के कलाकारों ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हुए कोलकली नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को समुद्री



द्वीपों की संस्कृति की झलक दिखाई। 'कोल' यानी लकड़ी और 'कली' यानी नृत्य, मलयालम शब्दों से बना यह नृत्य अपनी ऊर्जावान गति के लिए प्रसिद्ध है। पुरुष कलाकारों ने जोड़ों में गोल घेरे में नृत्य किया और हाथों में पकड़ी लकड़ियों को लयबद्ध ताल से बजाया जिससे मंच गूंजने लगा। राजस्थान से आए कौशल कांत पंवार एवं समूह ने गणगौर नृत्य के माध्यम से लोक आस्था और नारी शक्ति की भावनाओं को सजीव किया। साथ ही शिव पार्वती की आराधना के दृश्य साकार किए। यूसुफ खान मेवाती एवं समूह ने पारंपरिक भपंग वादन में राग यमन पर लोकगीत 'फैशन पर करे रे कमाल' से वातावरण को रोमांचित कर दिया साथ ही भपंग की तानों पर हुई जुगलबंदी से शाम को यादगार बना दिया। मध्यप्रदेश के कलाकारों ने करमा नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य बैगा परधोनी संस्कृति का है जो रीति-रिवाजों को निभाते हुए विवाह के अवसरों पर किया जाता है। राजस्थान के कलाकार सुरेन्द्र व उनके शिष्यों ने बालकों का चंग नृत्य प्रस्तुत किया जो शेखावटी का पारंपरिक लोक नृत्य है। यह नृत्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा किया जाता है जहां दो या तीन पीढ़ियों के सदस्य खुशी मनाते हुए यह नृत्य करते हैं। प्रस्तुति में नई पीढ़ी के बच्चों ने लोक संस्कृति के संरक्षण में यह नृत्य मंच पर साकार किया। गुजरात के कलाकारों ने मणियारो रास के माध्यम से गरबा की पारंपरिक छटा बिखेरी। वहीं तगाराम एवं समूह द्वारा प्रस्तुत बालकों की गैर ने राजस्थान के लोक उत्सवों की झलक को जीवंत किया। झारखंड से आए सुधीर एवं समूह ने अपने लोक नृत्य छऊ से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रस्तुति में कलाकारों ने नृत्य महिषासुर वध की कहानी गढ़ते हुआ देवी मां की शक्ति और न्याय का स्वरूप मंच पर साकार किया और बड़े-बड़े वज़नदार मुखौटे मुख पर लगाए हुए शक्ति और समर्पण को सजीव रूप दिया। शाम का आखिरी प्रस्तुति में राजस्थान के लोक कलाकार मनीषा शर्मा एवं समूह ने राधा-कृष्ण लीला के भाव प्रकट करते हुए ब्रज होली की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मंच पर फूलों की होली खेली गई और यह मनोरम दृश्य देख दर्शकों का मन मोहित हो गया और प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जैसलमेर हादसे के बाद सतर्क हुआ राजस्थान परिवहन विभाग, विशेष अभियान के तहत 30 से ज्यादा बसों के काटे चालान

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जैसलमेर में बस में आग लगने के बाद राजस्थान परिवहन विभाग ने बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान की शुरु डीटीओ आदर्श राघव के निर्देशन में की गई है। डीटीओ ने पांच टीमों के साथ मिलकर विशेष अभियान चलाया है। टीम ने करीब डेढ से अधिक बसों की जांच है। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जिन बसों परमिट ,फिटनेस और टैक्स जमा नहीं है। उन बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। जिसके लिए पांच टीम बनाई गई है। पांचों ने करीब डेढ सौ से अधिक बसों की जांच की है। जांच के दौरान लगेज और क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चलने वाली बसों के साथ ही बिना परमिट, फिटनेस और टैक्स के संचालित बसों पर कार्रवाई की है। अभियान के तहत राजस्थान परिवहन विभाग ने 30 बसों के चालान बनाए है। राजेंद्र शेखावत ने बताया कि यह विशेष अभियान दीपावली तक जारी रहेगा।

### स्कूली बस ने सात सात की बच्ची को कुचला बस चालक मौके से फरार

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हरमाड़ा थाना इलाके में मंगलवार दोपहर में स्कूली बस चालक की लापरवाही एक सात साल की बच्ची को भारी पड़ गई। स्कूली बस के टायर के नीचे आने से बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। तभी बस चालक भीड़ से निकल कर भागने में कामयाब हो गया। हरमाड़ा थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि थाना इलाके में स्थित करणी नगर में मंगलवार दोपहर तीन बजे के आसपास सुनीता (7) पुत्री राजेंद्र वर्मा स्कूली बस से घर लौटी थी। तभी बस चालक ने बिना देखे ही बसे चला दी। जिससे मासूम टायर के नीचे आ गई और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची को बचाने के प्रयास में माँ ने बस चालक को आवाज भी लगाई , लेकिन उसने नहीं सुनी। बच्ची को टायर के नीचे दबा देख माँ पूनम बेहोश हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। बुधवार को बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता राजेंद्र वर्मा की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ लापरवाहीं से बस चलाने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# जिला स्तरीय स्केटिंग टूर्नामेंट में आहान सोलंकी रहे विजेता



नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जिला स्तरीय टूर्नामेंट स्केटिंग क्लब झोटवाड़ा, जयपुर में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट की अंडर-10 कैटेगरी की 1000 मीटर रेस में आहान सोलंकी ने पहला स्थान प्राप्त किया । साथ ही इसी वर्ग में आहान सोलंकी को बेस्ट प्लेयर चुना गया। अहान सोलंकी शिवा स्पोर्ट्स क्लब में कोच नियाज़ से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। इससे पहले आहान सोलंकी ने 10 अगस्त 2025 को आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन स्केटिंग टूर्नामेंट में भी 1000 मीटर रेस में मेडल हासिल किया था। अब आहान सोलंकी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने उदयपुर जाएगा।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा लूट मामले में वांछित चल रहे पांच हजार रुपए के ईनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया की भीलवाड़ा के लूट मामले में वांछित चल रहे फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश हेमन्त सिह (32) निवासी करधनी को गिरफ्तार कर लिया।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने करवाया 2 हजार 727 किलो मिलावटी मिल्क केक और मावा मिठाई की गई नष्ट

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत जयपुर जिले में खाद्य सुरक्षा टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 हजार 727 किलो मिलावटी मिल्क केक और मावा मिठाई जब्त कर नष्ट कराई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि टीम ने गुर्जरों की ढाणी, मोरीजा रोड, चोमू स्थित एक कारखाने में छापा मारकर भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई पकड़ी। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि कारखाने में मिल्क केक और मावा मिठाई को दूध या मावे की जगह रिफाइंड सोयाबीन तेल, सूजी और ग्लूकोज के अमानक एवं कृत्रिम पदार्थों से तैयार किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त फर्म के पास खाद्य सुरक्षा लाइसेंस भी नहीं था, जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है। वहीं खाद्य सुरक्षा टीम ने चीथवाड़ी मोड़ स्थित श्री श्याम मावा पनीर प्रतिष्ठान पर भी निरीक्षण



किया। यहाँ से दूध के टैंकर से दूध के नमूने तथा दूध से तैयार मावा के नमूने विधिवत रूप से एकत्र किए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि दीपावली पर्व पर दूध व मिठाई की खपत में वृद्धि के चलते मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए प्रशासन ने पहले से ही व्यापक अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिलावट करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, नरेश कुमार चेजारा, नरेंद्र शर्मा और पवन कुमार गुप्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे। टीम ने मौके पर ही मावा एवं मिठाई के भंडारण स्थान को सील कर उत्पादों को सुरक्षित रूप से नष्ट कराया।

# श्री कृष्णम के पाठ के साथ श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का आह्वान

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

संयुक्त भारतीय धर्म संसद के तत्वावधान में एवं मेहंदीपुर बालाजी मंदिर महंत डॉ नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अंतर्गत चल रही बद्रीनाथ से मथुरा श्री कृष्ण रथ यात्रा के मार्ग में जगह जगह श्री कृष्णम महाकाव्य की चौपाइयां व दोहे भी गुंजायमान हो रहे हैं । भक्त कवि डॉ. कैलाश परवाल द्वारा रचे गए इस महाकाव्य का श्रद्धालुओं द्वारा निरंतर किया जा रहा पाठ यात्रा मार्ग की सभाओं को कृष्णमय बना रहा है। संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर ने बताया कि बद्रीनाथ से प्रारंभ हुई। यह यात्रा रुद्रप्रयाग, रिषिकेश, हरिद्वार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत ,गन्नोर ,सोनीपत, बागपत, गाजियाबाद होते हुए आज पलवल पहुंची। आचार्य ने बताया कि



सरस्वती गंगा अलकनंदा मंदाकिनी यमुना आदि अनेक नदियां इस यात्रा की साक्षी बनी। यात्रा मार्ग में जगह जगह में भी रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा श्री कृष्णम महाकाव्य का पाठ किया गया। यात्रा में जयपुर के आचार्य महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी साध्वी गीतांजलि मां पंडित राजकुमार चतुर्वेदी नंदकिशोर दयालपुरा हरियाणा ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश शर्मा कुरुक्षेत्र के भाजपा नेता पवन पहलवान डॉ लता शर्मा वंदना शर्मा आशा खांडल आदि सम्मिलित हुए।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने करवाया सौ किलो मिलावटी पनीर नष्ट



नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने आगरा रोड पालड़ी मीणा में मिलावटी पनीर पर कार्यवाही करते हुए सौ किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार दीपावली के त्यौहार के मध्यनजर अलग अलग टीमें बनाकर सघन अभियान के रूप में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सामग्री विशेषकर घी, तेल, मसाले ,पनीर, मावा, मिठाइयों की निर्माण इकाइयों एवं विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में टीम ने बुधवार की सुबह पालड़ी मीणा में मिलावटी पनीर के एक कारखाने पर कार्यवाही करते हुए 100 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। मुस्तफा खान प्रताप डेयरी के नाम से कारखाना चला रहा था। वह बड़ौदामेव अलवर से दूध मंगा कर पनीर तैयार करते हैं और फिर मौके पर दूध से क्रीम निकालने की मशीन लगी हुई थी। मुस्तफा ने स्वीकार किया किया कि दूध में से फैट निकालकर पनीर तैयार करता है और ढाबों रेस्टोरेंट पर रुपए 220 प्रति किलो में बेचता है।

इस तरह से दूध में से क्रीम निकालकर मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा था। पूर्व में भी इस कारखाने पर कार्यवाही में लिए गए नमूने अमानक पाए गए थे। कार्यवाही में 100 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया गया।

परिसर में गंदगी और अनहाइजेनिक तरीके से पनीर तैयार किया जा रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पनीर निर्माण पर अग्रिम आदेशों तक पाबंदी लगाई गई। फर्म को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी कर नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

# दीपावली यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू बनाने के लिए चार दिन निःशुल्क 100 ई -रिक्शों का किया जाएगा संचालन



नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर शहर परकोटे के अजमेरी गेट,न्यू गेट,सांगानेरी गेट,बड़ी एवं छोटी चौपड़ के बीच वन वे दीपावली के त्योहार पर 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक यातायात व्यवस्था के सुगम एवं सुचारू संचालन के लिए सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक निःशुल्क 100 ई-रिक्शा का संचालन किया जाएगा। इस अवधि में बाकी ई- रिक्शों का इन चुनिंदा जगहों में प्रवेश पूर्ण वर्जित रहेगा। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट पर शहर के व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ दीपावली के त्योहार के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था की प्रभावी निगरानी एवं परकोटे में सुगम एवं सुचारू यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया की परकोटे में दीपावली के त्योहार पर सायं काल में खरीदारी के लिए लोगों की अत्यधिक आवाजाही रहेगी।

यातायात के अत्यधिक दबाव को देखते हुए जयपुर व्यापार महासंघ एवं स्थानीय व्यापार मंडलों ने परकोटे में त्योहार पर खरीदारी के लिए आने वाले आमजन के लिए 100 ई-रिक्शा निःशुल्क सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे के लिए 18 से 21 अक्टूबर तक उपलब्ध कराये जाएंगे। निःशुल्क ई-रिक्शाओं का रूट अजमेरी गेट,न्यू गेट,सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार,बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया, छोटी चौपड़ सहित बापू बाजार के मध्य वन वे लगातार सांय 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक संचालन रहेगा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रशासन एवं यातायात योगेश दाधीच एवं पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित में मेहरडा एवं जयपुर व्यापार महासंघ से सुभाष गोयल,एमआई रोड व्यापार मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, सहित विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि के अजय अग्रवाल, विवेक भारद्वाज लोकेश, धर्मेन्द्र प्रधान ओमप्रकाश सचिन गुप्ता अशोक शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

### साइबर अपराधियों को मोबाइल सिम उपलब्ध करवाने वाले 769 सिम विक्रेताओं को किया ब्लैकलिस्ट

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

दूरसंचार विभाग की ओर से साइबर अपराधियों को मोबाइल सिम उपलब्ध करवाने वाले 769 सिम विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट किया गया। प्रदेश में 1.28 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक करवाया गया, जबकि 21 लाख से अधिक मोबाइल सिम ब्लॉक की गईं। दूरसंचार विभाग के अपर महानिदेशक मुकेश कुमार चौहान ने जानकारी दी कि दूरसंचार साधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए देशभर में 39.48 लाख मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक किए गए। जबकि 5.21 करोड़ मोबाइल सिम बंद कर 74,977 से अधिक सिम विक्रेताओं को ब्लैकलिस्टेड किया गया। खोए और चोरी हुए मोबाइल का पता लगाने के भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। देशभर में 24.42 लाख से अधिक खोए और चोरी मोबाइल हैंडसेट का पता लगाया गया। वहीं 6.36 मोबाइल हैंडसेट रिकवर भी किए जा चुके, जिनकी कीमत 900 करोड़ रुपए से अधिक है। राजस्थान में 87,575 चोरी हुए या खोए मोबाइल हैंडसेट का पता लगाया गया। इनमें से 57 करोड़ रुपए के 37,549 मोबाइल हैंडसेट बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे गए हैं।

# श्री सरस निकुंज में पंच दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियां परवान पर

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में पंच दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियां परवान पर है। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में श्री सरस निकुंज परिसर को सजाया जा रहा है। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि दीपोत्सव से पूर्व 17 अक्टूबर को रमा एकादशी पर श्री ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जी सरकार की नित्य सेवा के साथ विशेष मनोरथ रूपी भाव सेवा के दर्शन सुबह 10 बजे श्रृंगार आरती के साथ कराए जाएंगे।

इस अवसर पर ऋतु फलों तथा सागरी सामग्रियों का भोग अर्पित किया जाएगा। शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक विशेष पदावलियों का सामूहिक रूप से गायन किया जाएगा। श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण जी महाराज ठाकुर जी सरकार की लाड़ सेवा करते हुए शारदीय ऋतु के आगमन पर केसर एवं अगर का इत्र अर्पित करेंगे । आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में पंच दिवसीय दीपमालिका महोत्सव के विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18



अक्टूबर को धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती पर ठाकुर जी सरकार को अभ्यंग स्नान, सर्व औषधियों के साथ फुलेली सेवा की जाएगी। 19 अक्टूबर रूप चतुर्दशी को चन्दन, उबटन एवं केसर-चन्दन श्रृंगार के साथ नूतन पोशाक धारण कराई जाएगी। 20 अक्टूबर दीपमालिका पर ठाकुर जी सरकार को विशेष पोशाक, मणिमय मोतियों के श्रृंगार से अलंकृत किया जाएगा। संध्या वेला में दीपोत्सव पूजन एवं विशेष चौसर पासे की झांकी सजाई जाएगी। त्योहारी व्यंजनों के भोग अर्पित किए जाएंगे। 21 अक्टूबर को विशेष मनोरथ सेवा संपन्न होगी। 22 अक्टूबर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ठाकुर जी को विभिन्न व्यंजनों का अन्नकूट भोग अर्पित किया जाएगा। 23 अक्टूबर को यम द्वितीया (भाई दूज) पर यमुना जी का भाव स्वरूप पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही पंच दिवसीय दीपमालिका महोत्सव का समापन होगा।

## चलती लो -फ्लोर बस में लगी आग

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बजाज नगर थाना इलाके में स्थित टोंक रोड गट्टे वाली पुलिया पर बुधवार दोपहर चलती लो-फ्लोर बस में अचानक से आग लग गई और बस के पीछे वाले हिस्से से धुंआ निकलने लगा। चलती बस में आग देखकर उसके पीछे से चल रहे अन्य वाहन मालिकों ने बस चालक को इसकी जानकारी दी। लेकिन बस चालक ने लापरवाही का परिचय दिया और बस को नहीं रोकी। जिसके बाद राहगीरों ने जैसे -तैसे बस को रुकवाया और उसमें बैठी करीब बीस सवारियों से सुरक्षित बस से नीचे उतार लिया। बस में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद सवारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पुलिस ने बताया कि बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर से द्वारिकापुरी जा रही लो फ्लोर बस से शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और इंजन से धुंआ निकलने लगा। लेकिन बस चालक को इसकी जानकारी नहीं लगी। तभी बस के पीछे चल रहे अन्य वाहनों ने लो -फ्लोर बस के चालक को आग लगने की जानकारी दी।

# विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग कर्मचारियों ने दिया सांकेतिक धरना



नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के नेतृत्व में राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी संघ की ओर से बुधवार को विशेषयोग्यजन भवन के बाहर प्रदेश से आए हुए करीब 300 दिव्यांग कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ प्रमुख महेंद्र चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी संघ के नेतृत्व में गठित दल विशेषयोग्यजन भवन में निशक्तजन आयुक्त एवं निदेशक केसर लाल मीणा को प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। दिव्यांग कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष दयानन्द स्वर्णकार ने कहा कि अगर 15 दिवस के अंदर मांगें नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस मौके पर अध्यक्ष विपिन शर्मा दिव्यांगजन समिति के अध्यक्ष मदन मोहन, मनोज सहित संघर्ष समिति के अध्यक्ष लोकेश भरतपुर दिनेश शर्मा अलवर नेमीचंद शर्मा जयपुर कैलाश चंद जाट कमल किशोर शर्मा सहित जयपुर व अन्य 300 दिव्यांग कर्मचारी विभिन्न जिलों से मौजूद रहे और एक दिन का सांकेतिक धरना दिया।

## परकोटा गणेश मंदिर पाटोत्सव में सजी छप्पन भोग की झांकी



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर मे ब्रह्मलीन महंत कैलाश चंद शर्मा की प्रेरणा और उनके आशीर्वाद से प्रथम पूज्य का पाटोत्सव वार्षिक उत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया । बुध पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर भगवान गणपति का महंत अमित शर्मा के सानिध्य में विभिन्न तीर्थ के जल और पंचामृत से भगवान का अभिषेक किया । अभिषेक के पश्चात फूल बंगला झांकी सजाकर प्रथम पूज्य को नवीन पोशाक चांदी का मुकुट धारण कराया गया । इस मौके पर गणेश जी महाराज की छप्पन भोग की झांकी सजाई गई । संत महंतों के सानिध्य में प्रथम पूज्य की महाआरती हुई। महंत परिवार की ओर से संतों का माला दुपट्टा प्रसाद गणेश जी की छवि देकर स्वागत सम्मान किया। स्थानीय भजन गायको के द्वारा प्रथम पूज्य का गुणगान हुआ। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और लाइटिंग से सजाया गया।

### जयपुर सेशन कोर्ट में बम की सूचना से मची अफरा-तफरी सूचना पर बस निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड टीम मौके पर पहुंची

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

बनीपार्क स्थित जयपुर सेशन कोर्ट में बुधवार सुबह बम होने की सूचना से हड़कम्प मच गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कोर्ट परिसर में सर्च अभियान शुरु किया। जिसमें बम निरोध दस्ता और डॉग स्क्वॉड टीम ने पूरी बिल्डिंग को खाली करवाते हुए चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। पुलिस के सर्च अभियान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि बुधवार सुबह सेशन कोर्ट परिसर में स्थित चौथे माले की पोक्सो कोर्ट को एक ईमेल आया। जिसमें लिखा था कि कोर्ट परिसर में बम लगाया हुआ है। कोर्ट रीडर ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी टीमें मौके पर पहुंचीं और कोर्ट परिसर को खाली कराया गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर मौजूद हैं और कोर्ट परिसर की कोने-कोने की जांच की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा।

**'समय के अभाव का जिक्र कर पुलिस ने बार -बार लोगों से दूर रहने की अपील'** पुलिस उपायुक्त ने बताया कि यह इमारत लगभग सात मंजिल की थी, इसलिए पूरे परिसर की तलाशी में समय लगेगा। सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में मौजूद सभी लोगों को बार-बार परिसर से दूर रहने के लिए कहा गया। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बारीकी से जांच करने में जुटी है। इसी के साथ ही साइबर टीम भी आए हुए मेल की आईपी एड्रेस तलाशने में जुटी है।

## रमेश रूलानिया हत्याकांडःफरार आरोपियों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामन सिटी में रमेश रूलानिया हत्याकांड के फरार चारों आरोपियों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर दिया गया हैं। अतिरिक्त महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने इस मामले में फरार चारों की सूचना या गिरफ्तारी पर जारी इनामी राशि को बढ़ाते हुए हर आरोपियों पर एक लाख रुपए की राशि कर दी हैं। एडीजी एमएन ने बताया कि अब प्रत्येक अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एक-एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह वृद्धि एसपी डीडवाना-कुचामन द्वारा पूर्व में घोषित 25 हजार की राशि को निरस्त करते हुए की गई है। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान का होगा।फरार चारों बदमाशों पर पुलिस थाना कुचामन शहर में एफआईआर दर्ज हैं। वर्तमान में ये सभी बदमाश अपनी फरार हैं। फरार बदमाशों में गणपत गुर्जर पुत्र भंवरलाल निवासी बोरावड़ थाना मकराना, धर्मेंद्र गुर्जर पुत्र देवराज गुर्जर पुत्र रघुनाथ गुर्जर निवासी देवनारायण मंदिर के पास, अजमेर, जुबेर अहमद पुत्र यूसुफ निवासी बोरावड़ थाना मकराना और महेश गुर्जर पुत्र पन्नाराम निवासी काला डूंगरी बोरावड़ मकराना शामिल हैं। पुलिस टीमें इन बदमाशों के संभावित ठिकानों पर निरंतर दबिश दे रही है लेकिन इन का कोई सुराग नहीं लग रहा हैं। गौरतलब है कि हत्याकांड 7 अक्टूबर 2025 को सुबह लगभग 5ः30 बजे कुचामन सिटी के एक जिम में हुआ था। शिकायतकर्ता चैनाराम ने रिपोर्ट में बताया कि उनके जीजाजी रमेश रूलानिया जब जिम कर रहे थे तभी एक नकाबपोश व्यक्ति ने प्रवेश कर उन पर गोली चलाई। फायरिंग के बाद हमलावर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो जैसे वाहन में बैठकर फरार हो गया। घायल रमेश रूलानिया की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।

## ज्वेलरी की दुकान को लूटने का प्रयास

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

झोटवाड़ा थाना इलाके में बुधवार की दोपहर तीन बदमाशों ने एक ज्वेलरी की दुकान को लूटने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार तीन बदमाश एक के बाद एक दुकान में घुसे और ज्वेलर्स को जेवरात निकालने के लिए कहा। इसके बाद बदमाशों ने ज्वेलर को चाकू और एक नकली पिस्टल दिखाकर धमकी दी। इस पर ज्वेलर्स और कर्मचारी ने बदमाशों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने दुकान मालिक और एक कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं दोनों ने बहादुरी दिखाते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दो बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। वहीं अन्य दो फरार बदमाशों की तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। घायल दुकान मालिक और कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार ज्वेलर्स विष्णु अग्रवाल की थाना इलाके में उनकी संस्कार ज्वेलर्स के नाम से दुकान है और बुधवार की दोपहर में तीन बदमाश दुकान में घुसे। जहां बदमाशों ने चाकू और नकली पिस्तौल की नोक पर ज्वेलरी लूटने का प्रयास किया।

जिस पर ज्वेलर्स विष्णु और उसका कर्मचारी गोपाल शर्मा बदमाशों से भिड़ गए। इस दौरान बदमाशों ने विष्णु और गोपाल पर चाकू से हमला किया। लेकिन दोनों ने बहादुरी से अन्य व्यापारियों की मदद से पकड़ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाश को लेकर थाने चली गई। वहीं दोनों घायलों को उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विश्व के सबसे बड़े गौ पुनर्वास केंद्र हिंगोनिया में गौवंश उपचार इकाई का शुभारम्भ



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

कानोंता के समीप बोरथल क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी गौ पुनर्वास केंद्र हिंगोनिया ने गौसेवा के क्षेत्र में एक और सशक्त कदम उठाया है। केंद्र में गौवंश के उपचार के लिए 11 हजार वर्ग फीट में नई काऊ केयर युनिट का शुभारम्भ किया है। इसी के साथ तीस हजार वर्ग फीट का निर्माण कार्य अभी जारी है। हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र की नई गौवंश उपचार इकाई घायल गायों के लिए जीवनदान बन गई है। 11 हजार वर्ग फीट के काऊ केयर युनिट से अब घायल, बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा और आपात उपचार उसी स्थल पर उपलब्ध कराया जा सकेगा। हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र के उपाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया की काऊ केयर युनिट में नई तकनीक के साथ गौमाता का उपचार और सेवा की जाएगी, घायल और बीमार गौवंश के लिए तत्काल उपचार, ड्रिप, इंजेक्शन, पट्टी, औषधियाँ एवं आपात चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया की तीस हजार वर्ग फीट क्षेत्र में एक अत्याधुनिक चिकित्सा भवन का निर्माण भी तीव्र गति से जारी है, जिसमें शल्य चिकित्सा कक्ष, रिकवरी ज़ोन और उच्च तकनीकी उपकरणों की सुविधा होगी। उन्होंने कहा की गौसेवा के क्षेत्र में हिंगोनिया को देश का आदर्श 'गौसेवा मॉडल' बनाया जाए यही उनका प्रयास है।

**अधिशाषी अभियंता हाल एसोसियट प्रोफेसर रामावतार मीणा करोडो का मालिक**

## ऑपरेशन भूदेव में एक दर्जन ठिकानों पर चलाया सर्च अभियान करोड़ो रूपये के आलीशान मकान और फार्म हाउस होने की पुष्टि

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए पंचायती राज विभाग,इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान जयपुर के अधिशाषी अभियंता हाल एसोसियट प्रोफेसर रामावतार मीणा के विरूद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज कर ऑपरेशन भूदेव चलाया और फिर उनके जयपुर, करौली, गंगापुर सिटी व उदयपुर में स्थित एक दर्जन ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया। एसीबी को सर्च कार्यवाही में करोड़ो रूपये के आलीशान मकान और फार्म हाउस होने की पुष्टि हुई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई थी कि पंचायती राज विभाग,इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान जयपुर



के अधिशाषी अभियंता हाल एसोसियट प्रोफेसर रामावतार मीणा द्वारा पद पर रहते हुए रिश्वत प्राप्त की जाकर भ्रष्ट तरीके से भ्रष्टाचार के द्वारा स्वयं एवं अपने परिवारजनों के नाम से अपनी वैद्य आय से अनुपातिक रूप से अधिक चल-अचल सम्पतियां अर्जित की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करोड़ो रूपयो में है। उक्त गोपनीय शिकायत का एसीबी की इंटेलिजेंस शाखा टीम ने गोपनीय रूप से सत्यापन किया गया तथा अधिकारी द्वारा जयपुर, गंगापुर सिटी, करौली, उदयपुर के विभिन्न स्थानों पर आवासीय भूखण्ड, प्लांट्स, फार्म हाउस, कन्स्ट्रकशन कम्पनी, अर्जित करने के तथ्य प्रकट हुए जिस पर विस्तृत रूप से तथ्य संकलित किये गये एवं तथ्यों की जाँच होने पर करीब 2.77 करोड़ (करीब 115 प्रतिशत) की परिसम्पत्तियां वैद्य आय से अधिक अर्जित का मामला बनना पाया जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर नगर प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त कर एसीबी की एक दर्जन से अधिक टीमों ने एक साथ बुधवार अल सुबह अधिशाषी अभियंता हाल एसोसियट प्रोफेसर रामावतार मीणा के जयपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर एवं उदयपुर के विभिन्न स्थानों पर आवासीय भूखण्ड, प्लाट्स, फार्म हाउस, केसर, कन्स्ट्रक्शन कम्पनी करीब एक दर्जन विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्यवाही की गयी। अब तक कि गयी सर्च कार्यवाही प्रथम सूचना रिपोर्ट में अंकित जयपुर शहर में इन्दिरा गांधी नगर में प्राइम लोकेशन पर 06 बडे प्लाट/मकान, जयपुर शहर में जगतपुरा क्षेत्र में रोहिणी नगर टीलावाला में करोड़ों रूपये की बेनामी सम्पति. जयपुर के अचलपुरा कोटखावदा में मुख्य मार्ग पर बेशकीमती व्यावसायिक उपयोग हेतु लाखो रूपये की कृषि भूमि में निवेश, खिरखिड़ा गांव करौली में करीब 5 बीघा का खेत/फार्म हाउस जिसमे लाखों रुपये का निर्माण कार्य हो रखा है । गंगापुर सिटी में दो मंजिला मकान,एवं गंगापुर सिटी के जमीन चल-अचल संपत्ति होने की पुष्टि हुयी। आरोपी द्वारा इन्दिरा गांधी नगर, जयपुर में करीब 7500 वर्गफीट में एक आलीशान कोठी का निर्माण करवाया जा रहा है जिसमें अब तक करीब एक करोड़ रुपये का व्यय करना प्रकट हुआ है।

**जयपुर में देखने को मिला संगीत और स्वच्छता का संयोजन**

## कठपुतली नृत्य और इंटरैक्टिव सेशन बने आकर्षण का केंद्र, ग्लोबल हैण्डवॉशिंग डे के आयोजन के लिए डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के साथ मिलाया हाथ







■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी रेकिट ने ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड (ममता एचआईएमसी) और पीवीआर नेस्ट के सहयोग से अपने प्रमुख कार्यक्रम डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया (डीबीएसआई) के तहत आईनॉक्स क्रिस्टल पाम जयपुर में ग्लोबल हैण्डवॉशिंग डे 2025 के अवसर पर एक कला और संगीत आधारित सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जाने-माने राजस्थानी लोक संगीतज्ञ उस्ताद रईस खान ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिन्होंने 2022 में डीबीएसआई के साथ साझेदारी में भारत की अपनी पहली स्वच्छता-आधारित संगीत एल्बम 'स्वच्छ भारत के लिए लोक संगीत' बनाई थी। इस अवसर पर राजस्थान से 300 से अधिक स्कूली छात्र और मुख्य हितधारक एक मंच पर इकट्ठा हुए, जहां लोक संगीत, कठपुतली नृत्य और स्वछता के बारे में जागरुकता का संयोजन एक प्रभावशाली सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में देखने को मिला। उस्ताद रईस खान ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और दर्शाया कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति जनस्वास्थ्य में परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है। नागौरी घराने द्वारा प्रस्तुत किया गया कठपुतली नृत्य, शो का आकर्षक केन्द्र बन गया, जहां पारम्परिक कहानी कहने की कला के ज़रिए बच्चों को हाइजीन एवं हाथ धोने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उस्ताद रईस खान ने कहा संगीत एक व्यक्ति के दिल के साथ जुड़ने का सीधा रास्ता है। गीतों के ज़रिए समाज के प्रति ज़िम्मेदारी खासतौर पर स्वछता के बारे में जागरुकता का संदेश देकर, सुनिश्चित किया जा सकता है कि बच्चे स्वछता जैसे हाथ धोने की आदतों को अपनाएं। जब शिक्षा में कला और आनंद को शामिल किया जाता है, जो यह जीवन के लिए सबक बन जाता है। यही खुशहाल एवं स्वस्थ भारत के निर्माण का सबसे मजबूत मार्ग है। स्वछता को देश के लिए प्राथमिकता बताते हुए रवि भटनागर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड कार्पोरेट अफ़ेयर्स डायरेक्टर, साउथ एशिया, एमईएनएआरपी और अफ्रीका, रैकिट ने कहा, हमारा मिशन माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान 'विकसित भारत 2047' से प्रेरित है। जिसके तहत भारत को आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ, विकसित एवं प्रत्यास्थ बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। हमारा मानना है कि हमारे देश की प्रगति हर बार एक स्वच्छ हाथ से शुरू होती है, हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वछता को सुनिश्चित कर देश की महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए बदलावकारी प्रभाव उत्पन्न किया जा सकता है। इस साझेदारी पर बात करते हुए संजीव धाम, डिप्टी सीईओ, ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड ने कहा कि ग्लोबल हैण्डवॉशिंग डे के उपलक्ष्य में रैकिट के डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया और पीवीआर नेस्ट के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह साझेदारी समुदाय के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में बदलाव लाने के ममता एचआईएमसी के मिशन के अनुरूप है। बच्चों को आई एम द चेंज अभियान का नेतृत्व करते, सीखने और सक्रियता से अभियान में शामिल होते देखना, स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की दिशा में उम्मीद की किरण देता है।

## नवीन आपराधिक कानूनों से न्याय और पारदर्शिता के नए अध्याय के साक्षी बने आमजन



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

नवीन आपराधिक विधियों के तहत राजस्थान पुलिस ने न्याय प्रणाली को तेज, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाते हुए समयबद्ध निस्तारण की नई मिसाल पेश की है। इन कानूनों से संबंधित विभिन्न पहलुओं को सरल और सजीव तरीके से लोगों तक पहुंचाने के लिए %नव विधान-न्याय की नई पहचान% थीम पर जेईसीसी में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को मॉडल्स के जरिए इन नवविधानों के बारे में विस्तार से जानकारी मिल रही है।प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन में कानूनों के प्रति जागरूकता के साथ साथ विश्वास भी पैदा हुआ है कि आज राज्य पुलिस केवल अपराध से निपटने वाली संस्था नहीं रही- बल्कि यह न्याय, सुरक्षा और जनविश्वास का प्रतीक बन चुकी है। समयबद्ध निस्तारण से लेकर ई-साक्ष्य, साइबर नियंत्रण और मोबाइल फॉरेंसिक तक, हर क्षेत्र में राजस्थान पुलिस ने यह सिद्ध किया है कि तकनीक और निष्ठा के समन्वय से न्याय को न केवल तेज़, बल्कि विश्वसनीय भी बनाया जा सकता है। लोगों को प्रदर्शनी में इन नवविधानों के लागू होने के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था में आए परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी मिल रही है।

**'नवविधानों से त्वरित और सुलभ न्याय का संकल्प हुआ साकार'** नवीन आपराधिक विधियों के अंतर्गत दर्ज कुल प्रकरणों में से 80 प्रतिशत का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। 10 वर्ष या उससे कम सजा वाले मामलों में 80 प्रतिशत निस्तारण, जबकि 10 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में 67 प्रतिशत निस्तारण दर्ज किया गया है। लैंगिक अपराधों से जुड़े प्रकरणों में 83 प्रतिशत मामलों का निस्तारण हुआ है तथा न्याय की गति को और तेज करते हुए, निर्धारित समय सीमा के भीतर मामलों के निस्तारण की दर 59 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई है, जो त्वरित और सुलभ न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।इसी प्रकार मामलों की जांच में लगने वाला औसत समय भी उल्लेखनीय रूप से घटा है, जहां पूर्व में यह 106 दिन था, वहीं अब यह घटकर 74 दिन रह गया है। नवीन विधिक प्रावधानों के लागू होने से दोषसिद्धि दर भी 48 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुँच गई है, जो साक्ष्य-आधारित और पारदर्शी अन्वेषण प्रणाली का प्रमाण है।

## साइबर पुलिस ने बीस लाख रुपए के सत्तर मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर





जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की साइबर थाना पुलिस ने बुधवार को बीस लाख रुपए के सत्तर मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटा दिए। जानकारी के अनुसार कुछ मोबाइल फोन चोरी हुए थे और कुछ गुम हो गए थे। साइबर थाना पुलिस टीम ने ये सभी मोबाइल अलग-अलग जगहों से बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं। इसके लिए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया जिसका नाम ऑपरेशन मुस्कान मोबाइल रखा गया था।पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि जयपुर शहर में कई लोगों के मोबाइल गुम और चोरी होने की शिकायतें मिल रही थी। कई लोगों ने बड़ी मुश्किल से किस्तों पर मोबाइल खरीदे थे। इस स्थिति को देखते हुए गुमशुदा मोबाइल ट्रेस करने के निर्देश दिए गए। जिसके चलते साइबर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान मोबाइल अभियान के तहत मोबाइल को खोजने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने सीईआईआर पोर्टल और मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों से तकनीकी सूचनाएं प्राप्त कर राजस्थान के अलग-अलग जिलों में चल रहे गुमशुदा मोबाइल ट्रेस किए। इस कार्रवाई में कुल सत्तर मोबाइल बरामद किए गए।

## सहायक पुलिस उप निरीक्षक और दलाल 1.30 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर





भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलवर प्रथम टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना कोतवाली जिला अलवर के सहायक पुलिस उप निरीक्षक कन्हैयालाल और उसके दलाल साथी मजलीश को एक लाख तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी की अलवर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके विरुद्ध पुलिस थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज है। उक्त प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी सहायक पुलिस उप निरीक्षक कन्हैयालाल है। अनुसंधान अधिकारी कन्हैयालाल ने परिवादी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में एफआर देने व एसआर को कोर्ट में पेश करने के लिये अपने दलाल साथी मजलीश के मार्फत 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर सत्यापन कराये जाने पर आरोपित सहायक पुलिस उप निरीक्षक कन्हैयालाल के दलाल मजलिस द्वारा मांग सत्यापन के दौरान दर्ज केस में एफआर देने व एसआर को कोर्ट में पेश करने के लिये आरोपित की उपस्थिति में दलाल मजलीश के मार्फत 1 लाख 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग करना तथा सहमत होने के तथ्य स्पष्ट रूप से पाया गया। जिस पर एसीबी टीम अलवर प्रथम के प्रभारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएलओ महेन्द्र कुमार ने सहायक पुलिस उप निरीक्षक कन्हैयालाल व दलाल मजलिस को 1 लाख 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

## अंता विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस नेता कर रहे है भ्रामक और अनर्गल प्रचारः मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि विरोधी दल के प्रत्याशी न तो किसी नीति पर बात कर रहे हैं, न ही जनता के समक्ष कोई ठोस एजेंडा प्रस्तुत कर रहे हैं। बार-बार एक ही विषय 'पर्ची' को दोहराना, उनकी विचारहीन राजनीति को दर्शाता है। यह समय है कि जनता को स्वस्थ और विकासोन्मुख राजनीतिक संवाद मिले, न कि झूठे आरोपों और निजी टिप्पणियों का मंच। कांग्रेस सरकार के ही तत्कालीन मंत्री ने ही कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और ये अब उसी उम्मीदवार के गुणगान कर रहे है। कांग्रेस नेता गहलोत, डोटासरा, जूली और पायलट अपना एजेंडा पेश करने की बजाय भाजपा सरकार के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित कर रहे है। कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा की, जातिगत राजनीति को बढ़ावा दिया और अब भाजपा को कोसने में लगे हुए है। कांग्रेस के पास नीतिगत सोच नहीं है। राजनीति व्यक्तिगत आरोपों का माध्यम नहीं, जनसेवा का माध्यम होनी चाहिए। मैं जनता से अपील करता हूँ कि वे कार्यों के आधार पर निर्णय लें, अफवाहों या व्यक्तिगत हमलों के आधार पर नहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर भजनलाल सरकार है जिसने सत्ता में आते ही पानी की वर्षों से लंबित ईआरसीपी परियोजना पर काम किया और वहीं दूसरी ओर गहलोत सरकार, जिसने केंद्र द्वारा बार बार आग्रह करने के बावजूद ईआरसीपी पर पांच साल तक कुंडली मार कर बैठे रहे। भाजपा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम किया,अपराध को कम करने की दिशा में काम किया। भाजपा सरकार अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा रही है। जबकि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री के सामने शिक्षा मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, मुख्यमंत्री अपने ही उपमुख्यमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे और कांग्रेस के मंत्री एक दूसरे पर टीका टिप्पणी कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अंता विधानसभा उपचुनाव में हम जनसेवक मैदान में उतारेंगे, जो जनता की सेवा सेवक बनकर करेगा, भाजपा का प्रत्याशी जनता की अपेक्षा को पूर्ण करने वाला और जन भावनाओं के अनुरूप होगा। भाजपा आम जनता की सोच के अनुरूप प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और अंता की जनता का भाजपा प्रत्याशी को पूर्ण आशीर्वाद मिलेगा। राठौड़ ने कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा स्वयं–भू उम्मीदवार घोषित करना बताया। उन्होंने कहा कि प्रमोद जैन भाया को पार्टी, लोकतंत्र में विश्वास नहीं था, वे जब से चुनाव हारे, तब से घात लगाकर बैठे थे कि कैसे जीतने वाले प्रत्याशी को हटाया जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सांसद हनुमान बेनीवाल के अनर्गल बयान को घटिया मानसिकता का बताते हुए कहा कि हनुमान बेनीवाल की संवेदना मर चुकी है। मेरी पत्नी को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या के चलते हेलीकॉप्टर द्वारा तत्काल जयपुर के अस्पताल लाया गया था, जिसका समस्त व्यय मेरी पत्नी की ही फैक्ट्री से हुआ है। यह आरोप कि इसका भुगतान सरकारी स्रोतों से किया गया, सरासर झूठा और बेबुनियाद है। हम अपनी मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता के बल पर राजनीति करते हैं, न कि दूसरों के संसाधनों के सहारे।

जिन लोगों ने कभी बिजली का बिल जमा नहीं करवाया,घर खाली नहीं किया, वही आज हमें ईमानदारी का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि एक ओर अशोक गहलोत, सचिन पायलट और गोविंद सिंह डोटासरा है।

## एसएमएस अस्पताल में रिश्वत कांड के बाद तीन पुराने कर्मचारी हटाए

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

रिश्वत कांड में पकड़े गए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के डॉ मनीष अग्रवाल के बाद एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने स्टोर शाखा में फेरबदल किया है। जिसमें प्रिंसिपल ने स्टोर शाखा के तीन कर्मचारियों को वहां से हटा कर उनकी जगह नए कर्मचारियों को नियुक्त किया है।

इसके अलावा जो कर्मचारी सालों से स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत था, उसे हटाकर स्टोर इंचार्ज बना दिया गया है। कॉलेज के आदेशों के अनुसार, स्टोर शाखा (उपापन) में कार्यरत जगदीश प्रसाद यादव को हटाकर स्टोर कीपर बनाया गया है। वहीं केदार प्रसाद स्वर्णकार (सामान्य शाखा) और ऋषि कुमार (संस्थापन शाखा) को स्टोर शाखा (उपापन) में नियुक्त किया गया है। सुरेन्द्र कुमार पाटीदार को स्टोर शाखा (उपापन) से सामान्य शाखा में, प्रमोद सिंह को लेखा शाखा से भंडार शाखा में और धनंजय सिंह को भंडार शाखा से लेखा शाखा में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा, शंकर लाल जलुथरिया, जो पिछले कई सालों से स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत थे, शंकर लाल जलुथरिया को अब स्टोर इंचार्ज बनाया गया है। बताया जा रहा है कि रिश्वत कांड में पकड़े गए डॉ मनीष अग्रवाल पर 11 शाखाओं का भार था , वो 11 शाखाओं का काम देखते थे।

डॉ मनीष अग्रवाल के पास आईटी सेल, आरटीआई एवं लीगल सेल, महिला एवं जनाना हॉस्पिटल के सुपरविजन, पैरा क्लिनिक डिपार्टमेंट समेत कई अन्य विभागों का प्रभार था।बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में स्टोर शाखा का महत्वपूर्ण रोल है।

मेडिकल कॉलेज के अलावा इससे अटैच 7 अन्य अस्पताल में मेडिकल से जुड़े उपकरण तमाम सामान और दवाईयां सप्लाई होती है।

